हिन्दुस्तान
मंगलवार, 15 फरवरी 2011 नई दिल्ली

जामिया हमदर्द में वैक्सीन का कोर्स

नई दिल्ली। जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय में वैक्सीन का कोर्स शुरू कर रहा है। कोर्स इसी जून से शुरू हो जाएगा। इसे वैक्सीनोलॉजी का नाम दिया गया है। यह एक वर्ष का पीजी डिप्लोमा कोर्स होगा। विज्ञान विषयके छात्र ही इसमें दाखिला ले सकते हैं। देश में पहली बार इस प्रकार का कोर्स कराया जा रहा है। पेज-8

पहली बार वैक्सीन का कोर्स शुरू करेगा जामिया

कार्यालय संवाददाता
नई दिल्ली

जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय देश में पहली बार वैक्सीन का कोर्स शुरू करने जा रहा है। जामिया में यह कोर्स इस जून से शुरू हो जाएगा। साथ ही अमेरिका और ब्रिटेन की दो कंपनियां भी वैक्सीन से जुड़ा केंद्र भी जामिया हमदर्द में खोलने जा रही है। कोर्स को वैक्सीनोलॉजी का नाम दिया गया है। यह कोर्स एक वर्ष का पीजी डिप्लोमा कोर्स होगा।

जामिया हमदर्द के कुलपति डा. जी. एन. काजी ने बताया कि विश्वविद्यालय इस कोर्स को इस सत्र से ही प्रारंभ कर देगा। उन्होंने बताया कि वैक्सीन पर देश में काफी काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि विकसित देशों में अभी बड़े रोगों से बचाव में वैक्सीन का कांसेप्ट बढ़ रहा है खासकर भारत और अफ्रीका जैसे मुल्कों में। काजी ने कहा कि अभी देश में वैक्सीन निर्माण और उसके जुड़े तमाम पहलुओं के प्रशिक्षित लोगों की कमी है। ऐसे में ये कोर्स युवाओं के लिए काफी लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन के फाउंडेशन से एमओयू हस्ताक्षरित की प्रक्रिया अंतिम चरण पर है। चूंकि इन कंपनियों के केंद्र भी यहां खुलेंगे इससे छात्रों को प्रायोगिक एक्सपोजर मिलेगा।

कुलपति का कहना है कि शायद देश में जामिया हमदर्द पहला ऐसा संस्थान होगा जो कि वैक्सीन का कोर्स शुरू कर रहा है। वैक्सीन प्रमोशन के संस्थान यूरोप भी थोड़े है। ऐसे में कंपनियों के सामने एक बड़ी दिक्कत ये होती है कि उन्हें प्रत्यक्ष तौर पर किसी संस्थान से छात्र नहीं मिलते हैं। इसलिए कंपनी को पहले किसी अन्य क्षेत्र से आए लोगों को प्रशिक्षण देना पड़ता है। गौरतलब है कि जामिया हमदर्द इस सत्र से एमबीबीएस भी शुरू करने जा रहा है साथ ही वह मॉडर्न मेडिसन में संयुक्त रूप से एमएससी-पीएचडी शुरू करने जा रहा है।